**भारत सरकार**
**पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय**

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं० 3870**
**दिनांक 02.04.2018 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**पेयजल को संदूषित करने वाले खनिज पदार्थ**

**3870. श्री राजकुमार धूतः**

क्या **पेयजल और स्वच्छता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को आर्सेनिक, फ्लोराइड तथा अन्य खनिज पदार्थों से संदूषित जल जिसका उपयोग महाराष्ट्र सहित देश के विभिन्न भागों में बड़ी आबादी द्वारा पीने के लिए किया जा रहा है, के कारण उत्पन्न स्वास्थ्य संबंधी खतरों की अतिसंवेदनशीलता की जानकारी है;
(ख) यदि हां, तो अब तक पहचान किए गए क्षेत्रों तथा पाकेट का राज्य-वार और संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और
(ग) प्रभावित जनसंख्या तथा अतिसंवेदनशीलता की सीमा का राज्य तथा संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा ऐसे खतरों से मनुष्यों तथा जानवरों को बचाने के लिए किए गए या किए जाने वाले प्रस्तावित उपायों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**राज्य मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय**
**(श्री एस.एस. अहलूवालिया)**

(क) जी, हाँ।
(ख) और (ग) महाराष्ट्र सहित राज्यों द्वारा मंत्रालय की एकीकृत प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईएमआईएस) पर 28 मार्च, 2018 तक प्रदत्त सूचना के अनुसार फ्लोराइड, आर्सेनिक, लौह, लवणत्ता, नाइट्रेट और भारी धातु प्रभावित बसावटों की आबादी सहित राज्यवार संख्या अनुलग्नक में दी गई है।

ग्रामीण पेयजल आपूर्ति राज्य का विषय है। ग्रामीण आबादी तक स्वच्छ पेयजल के कवरेज में सुधार लाने के लिए, यह मंत्रालय केंद्र प्रायोजित राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (एनआरडीडब्ल्यूपी) के जरिए राज्यों को तकनीकी एवं वित्तीय सहायता उपलब्ध कराकर उनके प्रयासों को पूरा करता है। राज्य सरकारें ही ग्रामीण आबादी को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध

कराने के लिए स्कीमों की योजना बनाने, डिजाइन तैयार करने, अनुमोदित करने एवं कार्यान्वित करने तथा प्रचालन व रखरखाव करती हैं। एनआरडीडब्ल्यूपी के अंतर्गत राज्यों को प्रदत्त निधियों का उपयोग कवरेज के लिए तथा प्रभावित क्षेत्रों में जल गुणवत्ता समस्याओं से निपटने के लिए किया जा सकता है।

आर्सेनिक और फ्लोराइड संदूषण से निपटने के लिए, नीति आयोग की सिफारिश पर भारत सरकार ने सामुदायिक जल शुद्धिकरण संयंत्रों (सीडब्ल्यूपीपी) और सतही जल आधारित नल जल आपूर्ति स्कीमों के लिए मार्च, 2016 में 1,000 करोड़ रु. जारी किए थे।

इसके अलावा, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय ने लगभग 28,000 आर्सेनिक/फ्लोराइड प्रभावित बसावटों को 4 वर्षों की अवधि में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निधियों की उपलब्धता की शर्त के अधीन एनआरडीडब्ल्यूपी के अंतर्गत दिनांक 22 मार्च, 2017 को राष्ट्रीय जल गुणवत्ता उप-मिशन आरंभ किया था।

**दिनांक 02.04.2018 को उत्तर दिए जाने के लिए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3870 के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**राज्यों द्वारा मंत्रालय की एकीकृत प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईएमआईएस) पर 28 मार्च, 2018 तक प्रदत्त सूचना के अनुसार फ्लोराइड, आर्सेनिक, लौह, लवणत्ता, नाइट्रेट और भारी धातु प्रभावित राज्यवार बसावटों की आबादी सहित संख्या**

| क्र. सं. | राज्य का नाम | बसावटों और आबादी की संदुषणवार संख्या | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | फ्लोराइड | | आर्सेनिक | | लौह | | लवणत्ता | | नाइट्रेट | | भारी धातु | | कुल | |
| | | बसावटें | आबादी | बसावटें | आबादी | बसावटें | आबादी | बसावटें | आबादी | बसावटें | आबादी | बसावटें | आबादी | बसावटें | आबादी |
| 1 | अंडमान और निकोबार | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 348 | 228702 | 0 | 0 | 1 | 2729 | 62 | 72678 | 6 | 13878 | 0 | 0 | 417 | 317987 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 0 | 0 | 0 | 31 | 5690 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 31 | 5690 |
| 4 | असम | 285 | 113837 | 4514 | 1700194 | 6213 | 2331182 | 0 | 0 | 0 | 0 | 7 | 4693 | 11019 | 4149906 |
| 5 | बिहार | 898 | 1100274 | 871 | 1322376 | 2443 | 2407628 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4212 | 4830278 |
| 6 | छत्तीसगढ़ | 403 | 126232 | 19 | 7335 | 728 | 159195 | 2 | 753 | 10 | 2104 | 0 | 0 | 1162 | 295619 |
| 7 | गोवा | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 8 | गुजरात | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | हरियाणा | 118 | 296163 | 0 | 0 | 0 | 0 | 9 | 13673 | 0 | 0 | 0 | 0 | 127 | 309836 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 11 | जम्मू एवं कश्मीर | 4 | 9586 | 0 | 0 | 12 | 25699 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 16 | 35285 |
| 12 | झारखंड | 534 | 250846 | 101 | 90950 | 2183 | 626351 | 3 | 969 | 4 | 1723 | 0 | 0 | 2825 | 970839 |
| 13 | कर्नाटक | 579 | 392122 | 4 | 3221 | 77 | 54532 | 40 | 26494 | 318 | 283106 | 1 | 132 | 1019 | 759607 |
| 14 | केरल | 34 | 80427 | 0 | 0 | 199 | 455072 | 96 | 189257 | 32 | 82557 | 0 | 0 | 361 | 807313 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 171 | 73219 | 0 | 0 | 5 | 1387 | 10 | 8488 | 0 | 0 | 0 | 0 | 186 | 83094 |
| 16 | महाराष्ट्र | 75 | 148788 | 0 | 0 | 17 | 30712 | 92 | 143658 | 88 | 207320 | 0 | 0 | 272 | 530478 |
| 17 | मणिपुर | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 18 | मेघालय | 0 | 0 | 0 | 0 | 32 | 10637 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 32 | 10637 |
| 19 | मिजोरम | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 20 | नागालैंड | 0 | 0 | 0 | 0 | 30 | 16303 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 30 | 16303 |
| 21 | ओडिशा | 104 | 29960 | 0 | 0 | 2543 | 822236 | 377 | 115819 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3024 | 968015 |
| 22 | पुडुचेरी | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 23 | पंजाब | 298 | 356585 | 698 | 874208 | 267 | 234935 | 14 | 10845 | 143 | 163952 | 2106 | 2611093 | 3526 | 4251618 |
| 24 | राजस्थान | 5996 | 4094562 | 0 | 0 | 5 | 4123 | 12606 | 2853550 | 1050 | 818697 | 0 | 0 | 19657 | 7770932 |
| 25 | सिक्किम | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 26 | तमिलनाडु | 0 | 0 | 0 | 0 | 171 | 83997 | 22 | 8475 | 0 | 0 | 0 | 0 | 193 | 92472 |
| 27 | तेलंगाना | 681 | 931702 | 0 | 0 | 36 | 48492 | 182 | 314066 | 145 | 218560 | 0 | 0 | 1044 | 1512820 |
| 28 | त्रिपुरा | 0 | 0 | 0 | 0 | 2538 | 1192587 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2538 | 1192587 |
| 29 | उत्तर प्रदेश | 179 | 310011 | 748 | 573767 | 362 | 374055 | 80 | 47203 | 10 | 20112 | 0 | 0 | 1379 | 1325148 |
| 30 | उत्तराखंड | 0 | 0 | 0 | 0 | 13 | 66083 | 0 | 0 | 3 | 12810 | 0 | 0 | 16 | 78893 |
| 31 | पश्चिमी बंगाल | 1317 | 825984 | 9888 | 10403120 | 5701 | 5344528 | 474 | 361947 | 0 | 0 | 270 | 161623 | 17650 | 17097202 |
| **कुल** | | **12024** | **9369000** | **16843** | **14975171** | **23607** | **14298153** | **14069** | **4167875** | **1809** | **1824819** | **2384** | **2777541** | **70736** | **47412559** |